कक्षा –5

पाठ 4

संज्ञा

प्रश्नों के उत्तर :–

प्र.(क) संज्ञा किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखो।

उ. किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, जाति या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।
उदा. मोहन, किताब, दिल्ली आदि।

प्र.(ख) संज्ञा के कितने भेद होते हैं ? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ. संज्ञा के पाँच भेद होते हैं–

1 **व्यक्तिवाचक संज्ञा** – किसी ' विशेष व्यक्ति ', ' वस्तु ' या ' स्थान ' के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – गंगा, भारत, लखनऊ आदि।

2 **जातिवाचक संज्ञा** – किसी जाति या वर्ग का बोध कराने वाले संज्ञा शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – पर्वत, नदी, देश आदि।

3 **भाववाचक संज्ञा** – किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण–दोष, अवस्था या भाव के नाम को भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – प्रेम, बचपन बुढ़ापा आदि।

4 **द्रव्यवाचक संज्ञा** – धातुओं या ऐसे द्रव्यों के नामों को द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – सोना, चाँदी, तेल आदि।

5 **समुदायवाचक संज्ञा** – समूह या समुदाय का बोध कराने वाले संज्ञा शब्दों को समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – सेना, कक्षा, टोली आदि।

प्र.2 **रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए शब्दों के भाववाचक रूप से करो।**

1 मोहन की माता जी बहुत **दयालु** है।
2 मनुष्य में **उदारता** का गुण होना चाहिए।
3 बच्चों की **चंचलता** अच्छी लगती है।
4 रीता के व्यवहार में मुझे **अपनापन** नज़र नहीं आया।
5 कृष्ण ने सुदामा के साथ **मित्रता** निभाई।

प्र.3 **सही कथन के सामने (√)तथा गलत कथन के सामने (×) का चिह्न लगाओ।**

1 किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। (√)
2 पर्वत, नदी, देश भाववाचक संज्ञाएँ हैं। (×)
3 भाववाचक संज्ञाओं का कोई आकार–प्रकार नहीं होता। (√)
4 कक्षा, सभा, सेना जातिवाचक संज्ञाएँ हैं। (×)
5 जो शब्द पूरे वर्ग या जाति का बोध कराएँ, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।(√)

प्र.4 **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (√) का चिह्न लगाओ।**

1 किस भाववाचक संज्ञा शब्द का निर्माण 'ई' जोड़कर हुआ है – **दोस्ती**
2 कौन–सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है – **देश**
3 सोना–चाँदी शब्द किस संज्ञा के उदाहरण हैं – **द्रव्यवाचक**
4 मंडली, टोली, कक्षा किस संज्ञा के उदाहरण हैं – **समूहवाचक**

Edit with WPS Office